/font>

Title: Need for proper maintenance of National Highway between Nasirabad and Mahu in Madhya Pradesh.

डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय (मंदसौर) : उपाध्यक्ष महोदय, दिल्ली-मुम्बई के बीच राट्रीय राजमार्ग जो जयपुर-अजमेर-चित्तौड़-नीमच-मंदसौर व महू होकर मुम्बई जाता है। इस राट्रीय राजमार्ग के मध्य का कुछ भाग नसीराबाद से महू राट्रीय राजमार्ग के रूप में स्वीकृत नहीं था, जिसे गत तीन र्वा पूर्व स्वीकृत करके राट्रीय राजमार्ग के रूप में विहित किया गया तथा इसको भारत सरकार के गजट में विधिवत अधिसूचित भी किया गया। इस मार्ग पर भारी यातायात व मुम्बई दिल्ली के मध्य छोटा मार्ग होने से राट्रीय राजमार्ग के मानदंड लागू करके विस्तृत निर्माण व ठीक बनाया जाना आवश्यक था, जिसकी स्वीकृति भी केन्द्र सरकार द्वारा दी गई तथा आगे कार्य किया जाना था। किन्दु मध्य प्रदेश सरकार द्वारा बीच में दो भागों के निर्माण एवं दुरुस्ती हेतु प्राप्त जानकारी के अनुसार पांच र्वीय तथा सात र्वीय ठेके दिये गये। इस मार्ग को राट्रीय स्तर का बनाने से अन्य मध्यवर्ती क्षेत्रों का विकास भी होगा।

अतः मेरा परिवहन मंत्री से इस संबंध में योग्य व तात्कालिक कार्यवाही करने का अनुरोध है तथा केन्द्र सरकार स्वयं इस मार्ग को बनवाना प्रारम्भ करे।